**रांची पुलिस ने राहुल शर्मा हत्याकांड का किया खुलासा**

# पत्नी का अवैध संबंध बनी हत्या की वजह, एक आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के रातू थाना क्षेत्र के छाताटुंगरी चटकपुर में 20 मार्च को राहुल शर्मा नाम के युवक की हत्या कर दी गई थी। रांची पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक राहुल शर्मा की साली के पति नीरज कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी नीरज कुमार शर्मा चतरा जिला के जोरी थाना क्षेत्र स्थित पचमहला गांव का रहने वाला है। नीरज कुमार ने अपनी साली से कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे। उसके साढू राहुल शर्मा (मृतक) को जब इसकी जानकारी हो गई और तो अपनी पत्नी से दूरी बढ़ानी शुरू कर दी। नीरज ने अपने दोस्त बिट्टू शर्मा और एक अन्य के साथ मिलकर गमछा से गला दबाकर राहुल की हत्या कर दी। गौरतलब है कि आरोपी नीरज कुमार की पत्नी दो बहन है।

### मधुकम है नीरज का है ससुराल

मधुकम में नीरज का ससुराल है। वर्ष 2014 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद लगातार उसका ससुराल आना-जाना लगा रहता था। इसी दौरान अपनी साली के साथ उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में नीरज की साली को राहुल शर्मा से प्यार हो गया। फिर उसने राहुल से शादी कर ली।

### राहुल को लगी पत्नी के अवैध संबंध की भनक

कुछ ही दिनों में राहुल शर्मा को इस बात की भनक लग गई कि उसके साढू नीरज कुमार शर्मा का उसकी साली के साथ अवैध संबंध हैं। पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ने लगीं। तीन महीने में दोनों के बीच दूरियां काफी बढ़ गईं। राहुल शर्मा ने यह कहना शुरू कर दिया कि अब वह अपना बच्चा नीरज और उसकी पत्नी से वापस ले लेगा। दरअसल राहुल की पत्नी और बच्चा दोनों को नीरज अपने साथ रखता था। नीरज को जब इस बात की जानकारी मिली, तो उसने राहुल शर्मा को रास्ते से हटाने का प्लान बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने अपने दोस्त बिपू शर्मा और एक अन्य के साथ मिलकर 19 मार्च 2024 की रात को साजिश के तहत राहुल को शराब पिलायी। बाद में गमछे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

**अपराधियों के खिलाफ एक्शन में रांची पुलिस, सीसीए और जिला बदर का प्रस्ताव**

# आपराधिक गिरोह से ताल्लुक रखने वाले 50 से ज्यादा लोगों को 107 के तहत नोटिस जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। एक तरफ आदतन अपराध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ वैसे अपराधी जिनकी सीसीए अवधि खत्म हो रही है, उनके खिलाफ दोबारा सीसीए और जिला बदर के प्रस्ताव तैयार हो रहे हैं।

**9 के खिलाफ सीसीए का दोबारा प्रस्ताव :** राजधानी रांची के 9 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ दोबारा सीसीए का प्रस्ताव भेजा गया है। यह वैसे अपराधी हैं जो जेल में बंद हैं और उनके खिलाफ लगाई गई सीसीए की अवधि खत्म होने वाली है। रांची पुलिस की तरफ से लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक बार दोबारा सभी 9 अपराधियों के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव भेज दिया गया है। रांची पुलिस यह नहीं चाहती है कि यह अपराधी लोस चुनाव के दौरान जेल से बाहर निकले। दरअसल पहले से जो अपराधी जेल में बंद हैं लेकिन उनकी आपराधिक गतिविधियां फिर भी सक्रिय हैं उन्हें किसी भी कीमत पर जेल से बाहर नहीं आने दिया जाएगा।

### दो के खिलाफ जिला बदर का प्रस्ताव

रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के दो अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की अवधि भी खत्म हो रही है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों अपराधियों के जिला बदर की समय सीमा को बढ़ाने के अनुशंसा भी की गई है।

### कुख्यात लगा रहे थाना के चक्कर

वहीं दूसरी तरफ राजधानी के वैसे अपराधी जो अपने समय में बेहद दुर्दांत और फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर है उन्हें थाना बुला कर वरीय अधिकारी चेतावनी भी दे रहे हैं। होली के एक दिन पूर्व रांची के दो कुख्यात अपराधी संदीप थापा और बिपू मिश्रा को सुखदेव नगर थाने में बुलाकर लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं फैलाने की चेतावनी दी गई थी। रांची में सक्रिय गैंग जिनमें अमन साहू, अमन श्रीवास्तव, लवकुश शर्मा, संदीप थापा, सुजीत सिन्हा, राज वर्मा, गेंदा सिंह और रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी के साथी अपराधियों की गतिविधियों पर भी पुलिस 107 के तहत नोटिस जारी कर नजर रख रही है। राजधानी में सक्रिय आपराधिक गिरोह से ताल्लुक रखने वाले 50 से ज्यादा लोगों को 107 के तहत नोटिस जारी किया गया।

### पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है : एसएसपी

रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव बिल्कुल शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न हो, इसमें कोई भी बाहुबली या फिर कुख्यात अपराधी बाधा न डाल पाए, इसके लिए लगातार पुलिस के द्वारा काम किया जा रहा है। इसके तहत जेल में बंद अपराधियों पर सीसीए की तहत कार्रवाई, जिला बदर की कार्रवाई थाना हाजिरी की कार्रवाई और जमानत पर जेल से बाहर निकले अपराधियों को थाने में बुलाकर उन्हें लगातार हिदायत दी जा रही है।

# आरयू की गलती से फॉर्म नहीं भर पाये कई छात्र : जेसीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के डोरंडा कॉलेज, संत पॉल्स, बीएस कॉलेज लोहरदगा, गोस्सनर कॉलेज, मौलाना आजाद कॉलेज समेत विभिन्न कॉलेजों के सैकड़ों छात्र छात्राएं बुधवार को विवि कैंपस में जमा हुए और विवि प्रशासन से सेम-5 के परीक्षा फॉर्म भरने की गुहार लगायी। इस बीच छात्रों के बुलावे पर जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी के नेतृत्व में जेसीएम छात्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल वहां पर पहुंचकर छात्रों की समस्याओं से विवि प्रशासन को अवगत कराया लेकिन विवि ने उन्हें फॉर्म भरवाने से इनकार कर दिया, जबकि छात्रों का कहना है कि उन्हें सिर्फ दो ही दिन परीक्षा फॉर्म भरने के लिए समय मिला था। इस दौरान सर्वर का प्रोब्लम भी था एवं परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि भी साइट में जारी नहीं किया गया था। नतीजा, असमंजस की स्थिति पैदा हो गयी। 22 मार्च के बाद एग्जामिनेशन पोर्टल बंद कर दिया गया। इधर 23 से होली की छुट्टी थी, 27 को कॉलेज खुलने पर छात्र पहुंचे तो उन्हें बोला गया कि 28 से एग्जाम है और अब आ रहे हो। जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी ने परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा से टेलीफोनिक वार्ता कर उन्हें फॉर्म भरने का अवसर देने की बात कही।

**भाजपा ने एक भी क्षत्रिय को नहीं दिया टिकट, उबाल**

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उठायेगी कठोर कदम : बिनु सिंह

### 29 को रांची में बैठक कर लिया जायेगा निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा है कि भाजपा ने झारखंड में एक भी सीट क्षत्रिय को नहीं दिया है। इससे नाराज लोगों का लगातार फोन आ रहा है। लोग काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड बीजेपी से धनबाद व चतरा से दो सांसद का टिकट काट कर किसी क्षत्रिय को टिकट ना देना कही से भी उचित नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि भविष्य की रणनीति तैयार करने के लिए 29 मार्च को रांची स्थित आवास पर आपात बैठक बुलाई गई है। इस बैठक के बाद महासभा के पदाधिकारी भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं को झारखंड में किसी क्षत्रिय को टिकट देने का आग्रह करेंगे। अगर राष्ट्रीय नेताओं ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया तो, अगले कदम को लेकर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में क्षत्रिय समाज की आबादी 7 प्रतिशत से ज्यादा है।

वर्तमान स्थिति के लिए समाज खुद कितना जिम्मेदार है, इसका भी आत्म चिंतन करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज भाजपा के साथ रहा है। आगे भी साथ निभाना चाहता है। मगर पार्टी को चाहिए की क्षत्रिय समाज की भावनाओं को भी समझे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं को अवगत कराने के बाद अगर सकारात्मक जवाब नहीं मिलता है,तो क्षत्रिय समाज आगे की रणनीति तय करने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया जायेगा।

### 10 को उपवास, 11 को सरहुल शोभायात्रा

**रांची।** राजधानी रांची में सरहुल शोभायात्रा को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसबार सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी। 10 अप्रैल को सरना धर्मावलंबी उपवास पर रहेंगे। शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को केंद्रीय सरना समिति का बैठक केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करमटोली में हुई। मौके पर फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। सरहुल शोभायात्रा में शामिल होने वाले आदिवासी अगुवा को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। जुलूस में शामिल होने वाले के लिए बस, लाइट, शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

**खबर एक नजर में**

### छह साल की उम्र में रोजा रखा



**रांची।** इस्लामी नियम के अनुसार 7 साल से अधिक उम्र वाले बच्चे ही रोजा रख सकते हैं पर इसको तोड़ते हुए डोरंडा की रहने वाली 6 साल की मासूम मीरकत निजामी पिता सैयद आफताब चिश्ती और मां मिश्कत निजामी की पुत्री ने पहला रोजा रखा। रमजान के सख्त नियमों का पालन करते हुए उसने अपनी रोजा पूरी की।

### मस्जिदे जफरिया में मजलिस 29 मार्च से



**रांची।** मस्जिद जफरिया स्थित अंसार नगर चर्च रोड रांची में तीन दिवसीय मजलिस का आयोजन दिनांक 29 मार्च से 31 मार्च तक रात्रि 8:00 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सैयद मेहंदी इमाम द्वारा किया जाएगा। 31 मार्च बाद में मजलिस ताबूत और आलम निकल जाएगा। जिसमें हजरत अली की शहादत की याद में नोहा खानी वह मातम होगा मजलिस मर्सिया खानी आता इमाम द्वारा की जाएगी।

### कोतवाली थाना क्षेत्र में आधा दर्जन दुकानों में चोरी

**रांची।** रांची शहर में मंगलवार की रात जहां लोग होली की खुमारी में डूबे थे, वहीं अपराधियों ने आधा दर्जन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकानों से नगद समेत कई सामानों की चोरी कर ली। चोर की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गयी है। कोतवाली पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

### 31 मार्च तक बनें अग्रवाल सभा का सदस्य

**रांची।** अग्रवाल सभा की सत्र 2022-24 के लिए आजीवन सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी, सदस्यता अभियान के संयोजक अजय खेतान एवं जितेश अग्रवाल ने बताया है कि रांची जिला के समस्त अग्रवाल समाज के सभी लोग जो अग्रवाल सभा के सदस्य नहीं बने हैं। वैसे लोग 31 मार्च तक आजीवन सदस्यता शुल्क पच्चीस सौ रुपए जमा कराकर रांची अग्रवाल सभा का आजीवन सदस्यता ग्रहण कर समाज को मजबूती प्रदान करें।

# रिम्स से फरार राजा सिंह और एक अन्य अपराधी गिरफ्तार, हत्याकांड को अंजाम देने की थी तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स से फरार राजा सिंह और एक अन्य अपराधी को सरायकेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये लोग हत्याकांड को अंजाम देने की तैयारी में थे। इससे पहले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी को सरायकेला पुलिस ने एक हत्याकांड को अंजाम देने से पूर्व गिरफ्तार किया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावाँ के माध्यम से थाना प्रभारी आरआईटी थाना विनय कुमार को एक सूचना प्राप्त हुई कि अपराधी राजा सिंह उर्फ राजू उर्फ पगला बजरंगवली मंदिर आदित्यपुर-2 थाना आरआईटी जिला- सरायकेला-खरसावाँ रांची रिम्स अस्पताल से 24 मार्च को भाग गया है जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है। सूचना के बाद अपराधी को पकड़ने के लिए एक एसआईटी का गठन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला के नेतृत्व में किया गया। इसके बाद आरआईटी थाना क्षेत्र में सघन छापामारी किया गया। सूचना मिली कि अपराधी राजा अपने एक अन्य साथी के साथ ग्राम- कुलुपटांगा स्थित मुन्ना शर्मा के ईंट भट्टा खरकई नदी के किनारे बैठा है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। एसआईटी ने छापामारी कर अपराधी राजा सिंह एवं प्रकाश गोप को गिरफ्तार किया। पूछताछ में बताया कि आरआईटी थाना क्षेत्र के रहने वाले मुरारी सिंह का हत्या करने की योजना बना रहे थे।

### खूब उड़े रंग-गुलाल



**रांची।** रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली सोमवार और मंगलवार को पूरे राजधानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे।

# खनिज विभाग के बड़ा बाबू का शव फ्लैट से बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खनिज विभाग रांची झारखंड में पदस्थापित बड़ा बाबू ज्योति प्रकाश का शव उनके बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल स्थित फ्लैट से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक खनिज विभाग के बड़ा बाबू ज्योति प्रकाश ने मंगलवार की रात आत्महत्या कर ली। ज्योति प्रकाश बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल रोड स्थित आरजे अपार्टमेंट में सपरिवार रहते थे। बुधवार की सुबह जब उनके परिजन उन्हें जगाने गए, तो ज्योति का कमरा अंदर से बंद था। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पत्नी ने आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो ज्योति का शव कमरे में मिला। जानकारी के अनुसार, 46 वर्षीय ज्योति प्रकाश रांची के नेपाल हाउस स्थित झारखंड खनिज निगम में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत थे। पिता के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर उनकी नौकरी लगी थी।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन का राष्ट्रीय अधिवेशन 29 व 30 मार्च को पारसनाथ में



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का समापन श्री सम्मेद शिखर पारसनाथ में 29 एवं 30 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के रूप में होगा। इस अधिवेशन की मुख्य अतिथि बहुआयामी व्यक्तित्व की स्वामी प्रभा भैया होंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने बुधवार को बताया कि अधिवेशन में विगत 2 वर्षों में किए गए कामों की समीक्षा के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं आगामी सत्र की राष्ट्रीय अध्यक्ष ओड़िशा की अंजू सरावगी को पदस्थापित किया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने बताया कि इस अधिवेशन में 19 राज्यों की प्रदेश अध्यक्ष, पांच अंचल प्रमुख, चार सेवा प्रकल्प प्रमुख, छह विशेष समिति प्रमुख एवं ग्यारह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भाग लेंगी।

# होली खत्म होते ही मुंबई, बेंगलुरू और पुणे के लिए ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट हुई लंबी, यात्री परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** होली खत्म होते ही यात्रियों की वापसी की तैयारी चल रही है। रांची से मुंबई, दिल्ली, लखनऊ, बेंगलुरू समेत अन्य शहरों के लिए चलने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है। जिन यात्रियों ने पहले ही टिकट बुकिंग कर रखी है, उनकी वापसी में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन जो यात्री तत्काल बुकिंग के भरोसे हैं, उनकी वापसी में परेशानी हो रही है। वेटिंग लिस्ट का आलम ये है कि कुछ ट्रेनों में लोगों की अतिरिक्त भीड़ देखी जा रही है।

रांची से दिल्ली जाने वाली 28 मार्च के लिए राजधानी एक्सप्रेस के थर्ड एसी में 61 वेटिंग, स्वर्णजयंती एक्सप्रेस के स्लीपर में 52, थर्ड एसी में 26 वेटिंग है। रांची से मुंबई के लिये 29 मार्च को लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस है। यहां स्लीपर में 58, थर्ड एसी 4 वेटिंग है। रांची से बेंगलुरू के लिये हटिया सर एम विश्वैश्रैया बेंगलुरू एक्सप्रेस की ट्रेन 30 मार्च को है। यहां स्लीपर में 111, थर्ड एसी 40 और सेकंड एसी में 29 वेटिंग लिस्ट है। रांची से पुणे के लिये हटिया पूणे एक्स्त्रपेस में 29 मार्च को स्लीपर में 61, थर्ड एसी 25, सेकंड एसी 21 वेटिंग लिस्ट है।

# आरबीआई का 'ज्ञान-बाण : तीरंदाजी के साथ वित्तीय जागरूकता' कार्यक्रम हुआ आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** वर्तमान समय में व्यापक जन जागरण के उद्देश्य से अपने नवोन्मेषी कार्यक्रमों की शृखंला की एक और कड़ी के रुप में भारतीय रिजर्व बैंक रांची के तत्वावधान में बुधवार को तीरंदाजी के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'ज्ञान- बाण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि वित्तीय समावेशन और वित्तीय शिक्षण, भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण विकासात्मक उद्देश्य हैं। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस वर्ष 26 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 के बीच आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के लक्षित समूह के रूप में विशेष कर स्कूली बच्चों युवा व्यस्कों को रखा गया है। ख्यात धनुर्धरा कोमलिका बारी ने बताया कि इन दुर्बलताओं से उबरना अच्छी तीरंदाजी के लिए भी उतना ही जरूरी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय मिचियारी, क्षेत्रीय निदेशक (से. नि) ने वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता संबंधी विविध नवोन्मेषी नवाचारी प्रयासों की प्रशंसा की और 'वित्तीय व साइबर थोखाधड़ी और उससे बचाव' पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का विशेष उल्लेख किया।

### पांच अप्रैल को रिलीज होगी द लॉस्ट गर्ल फिल्म



**रांची।** 1984 के दंगों पर आधारित बनी फिल्म द लॉस्ट गर्ल फिल्म आगामी पांच अप्रैल से देश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बुधवार को द रांची प्रेस में फिल्म के संगीतकार और रांची के विवेक अस्थाना ने म्यूजिक लांच किया। लेखक, निर्देशक और निर्माता आदित्य रानोलिया की सच्ची घटनाओं पर आधारित इस फिल्म द लॉस्ट गर्ल का ट्रेलर रीलिज किया गया। फिल्म की मुख्य पात्र सुहानी का किरदार प्राची बंसल ने अदा किया है। जो 1984 के भीषण सिख दंगों में अपने मां-बाप से बिछड़ जाती है, भूखे प्यासे कई दिनों तक फुटपाथ पर रहती है। 15 साल के कठिन परिश्रम के बाद वह अपने माता-पिता का पता लगाती है, वह पूरे समाज के लिये एक प्रेरणा बनती है। द लॉस्ट गर्ल समाज में महिला सशक्तिकरण के जज्बात को बढ़ाने का संदेश देती है।

# संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर पर बीएयू को मिला ट्रेडमार्क

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन प्रौद्योगिकी के प्रयोग से अब गुणवत्तायुक्त सब्जियों का सालों भर लाभकारी और टिकाऊ उत्पादन किया जा सकता है। केंद्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पेटेंट्स, डिजाइंस और ट्रेडमार्क्स महानियंत्रक के कार्यालय ने बीएयू द्वारा विकसित अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर को इसके विशिष्ट डिजाइन के लिए ट्रेडमार्क स्वीकृत कर दिया है। छत विस्थापित पोली हाउस को ट्रेडमार्क प्रदान करने संबंधी आवेदन को महानियंत्रक द्वारा प्रोसेसिंग के लिए स्वीकार कर लिया गया है। बीएयू में आईसीएआर के सहयोग से चल रही कृषि संरचनाओं और पर्यावरण प्रबंधन में प्लास्टिक अभियांत्रिकी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय ने लगभग एक दशक के अनुसंधान और प्रयोग के बाद दोनों प्रौद्योगिकी विकसित की है। डॉ प्रमोद राय ने बताया कि खेती वाली सब्जियों की उत्पादकता और गुणवत्ता आनुवंशिक सामग्री, फसल प्रबंधन और सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन द्वारा प्रभावित होती है।

**वीसी ने दी बधाई :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने झारखंड के छोटे किसानों के हित में हुए इस तकनीकी आविष्कार पर प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय तथा एसोसिएट डीन डीके रूसिया को बधाई दी है।

# पोस्टल बैलट से मतदान की सुविधा पर चर्चा

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलट से मतदान सुविधा के संबंध में बैठक की**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर बैठक हुई। बैठक में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने डाक मतपत्रों से संबंधित सभी बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराया जायेगा।

### फैसिलिटेशन सेंटर पर मिलेगी वोटिंग सुविधा

संबंधित विभागों द्वारा ऐसे कर्मचारियों की सूची उपलब्ध करायी जायेगी, जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी। वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किये जायेंगे और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जायेगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिये जाने वाले फॉर्म 12डी एवं 13, 13ए, 13बी, 13सी आदि की जानकारी दी गयी।

### पोस्टल बैलेट से कब करना है मतदान

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट दे सकते हैं। इन 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे। बता दें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है। बैठक में नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र संजय कुमार, निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय आदि थे।

### अब्सेंटी वोटर्स की सूची बनाये जाने के आदेश



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के प्रतिनिधियों से कहा कि वो ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर लें, जो मतदान के दिन आवश्यक सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें और अपने संस्थानों व विभागों से एक ही दिन सभी अब्सेंटी वोटर्स को लेकर आयें, ताकि डाक मतपत्र से मतदान की बारीकियों को समझने में आसानी हो।

### संत मरिया महा गिरजाघर में क्रिज्म मिस्सा संपन्न

**रांची।** पुरुलिया रोड स्थित संत मारिया महा गिरजाघर में मंगलवार को नए महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद की अगुवाई में क्रिज्म मिस्सा बलिदान संपन्न की गई। क्रिज्म मिस्सा कैथोलिक कलीसिया में सभी पुरोहितों के लिए एकता, धर्माध्यक्ष के प्रति आज्ञाकारिता व समर्पण का प्रतीक है। मौके पर 300 से अधिक पुरोहितगण उपस्थित थे। मौके पर पवित्र तेलों को फादर अमित डुंगडुंग, फादर बिपिन टोपनो और फादर असीम मिंज ने महाधर्माध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत किया। आर्चबिशप विंसेंट आइन्द ने (धर्मोपदेश) संदेश में कहा कि, सही मायने में सभी पुरोहितों का आज जन्मदिन है, क्योंकि आज ही दिन में पुरोहितों का संस्कार प्रभु ने स्थापित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पुरोहित एवं विश्वासी एक दूसरे के पूरक हैं। सभी पुरोहितों से प्रार्थना करने की बात कही। क्रिज्म मिस्सा पर फादर आनंद डेविड खलखो, फादर मनोज, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर वीरेंद्र खलखो, फादर प्रफुल तिग्गा, फादर विंसेंट मिंज, फादर अंजलुस एक्का, फादर विनय केरकेट्टा, फादर जॉर्ज मिंज आदि मौजूद थे।

## सीसीएल के ठेकेदारी में दबदबा कायम रखने को लेकर धमकी

# जान से मारने की धमकी पर प्राथमिकी दर्ज, पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया सीसीएल में ठेकेदारी पर दबदबा कायम रखने के लिए एक दूसरे को ऊपर जान से मारने, रंगदारी, मारपीट करने का मामला खलारी थाना में आया। बताना चाहते है कि सीसीएल के ठेकेदारी लेना दो शेर के बीच से मांस खिंच कर खाने जैसा बताया जाता है। ठेकेदारी के रंग में एनके एरिया में आये दिन एक दूसरे पर जान से मारने की धमकी का मामला सामने आ ही जाता है। इस बार होली के रात लगभग 11 बजे रात्रि मारपीट करने, रंगदारी मांगने, अथवा जान से मारने की धमकी देने के विरुद्ध में अनिल कुमार सिंह, उम्र- 48 वर्ष, पिता अनिरुद्ध सिंह, ग्राम डकरा निवासी ने खलारी थाना में मामला दर्ज कराते हुए अभियुक्त आकाश सिंह, उम्र- 26 वर्ष, पिता जितेन्द्र सिंह, सा० के०डी०एच० काली मंदिर, थाना खलारी, व रंजन कुमार सिंह, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता स्व० झब्बु सिंह, डकरा निवासी के विरुद्ध रंगदारी मांगने, मारपीट करने तथा रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की धमकी देने के आरोप में प्रतिवेदित कराया गया। जिसमें खलारी पुलिस ने अग्रतर अनुसंधान के क्रम में प्राथमिकी नामजद अभियुक्त आकाश सिंह, उम्र-26 वर्ष, पिता जितेन्द्र सिंह, के०डी०एच० काली मंदिर को गिरफ्तार कर एक पखवाडे तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ 341, 323, 385, 387, 307, 504, 506, 34 आईपीसी 1860, लगाया गया है।

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने देसी शराब भट्टी को किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र के हेडकोनकी ग्राम में बुधवार को पिठोरिया पुलिस गश्ती दल द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक देसी शराब भट्ठी को नष्ट किया तथा वहां रखें लगभग सैकड़ो किलो महुआ को भी नष्ट कर दिया। वही अवैध शराब भट्ठी संचालक पुलिस से बचकर भागने में सफल रहा। वहीं दूसरी ओर पिठोरिया के एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में एक दुकान से लगभग 30 बोतल अवैध शराब जप्त किया गया साथ ही इलाके के पशु गांव से भी एक किराना राशन दुकान से 15 पैकेट शराब भी जप्त कर लिया। दोनों दुकानदारों एवं अवैध शराब भट्ठी संचालक के खिलाफ पिठोरिया पुलिस विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई कर रही है नशा कारोबारियो के खिलाफ लगातार हो रहे कार्यवाई से पूरे इलाके में अवैध शराब विक्रेताओं के बीच हड़कंप मच गया है। इस संबंध में पिठोरिया पुलिस का कहना है की क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध नशा का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। हालांकि क्षेत्र के छोटे-छोटे दुकानों में आज भी अवैध शराब की बोतले नशेड़ियों को आमतौर से मिल जाता है साथी ही शराब के छोटे-छोटे पैकेट भी मिलते हैं।

## एक नजर में

### विधायक राजेश कच्छप ने स्व जीतवाहन महतो चौक का किया उद्घाटन



**अनगड़ा।** प्रखण्ड के बेड़वारी गोन्दली पोखर जोड़ा महुआ रोड पर मंगलवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने झारखण्ड आन्दोलनकारी स्व जीवाहन महतो चौक का विधिवत उद्घाटन नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर में मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा साल्हन मुखिया सरिता तिर्की मुखिया दुर्गा पाहन झारखण्ड आंदोलनकारी नेता जलनाथ चौधरी विश्राम महतो ज्योतिष महतो रामपोदो महतो अतिश महतो फलीन्द्र लोहरा मार्शल महतो दिनेश महतो आतिश महतो सुप्रेश महतो प्रकाश महतो सागर साहु नीलकण्ठ चौधरी झबुलाल महतो पंकज महतो अविनाश साहु लाल बहादुर साहु सहजनाथ चौधरी जयकुमार महतो सतिश कुमार महतो राजेश महतो राजु महतो अशोक महतो सुरज महतो अजय साहु चांद कुमार महतो समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### रंगों का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया


होली का एक दूसरे को बधाई देते लोग।

**इटकी।** इटकी व आस पास के गांवों में रंगों का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के लोग दो दिनों तक होली के रंग में रंगे रहे। मौके पर इटकी में डोल उत्सव का आयोजन किया गया। जगन्नाथ मंदिर में स्थापित राधा-कृष्ण सहित अन्य भगवान की प्रतिमाओं को झूला पर रखकर झूलाया गया। इससे पूर्व भगवान को पूजा अर्चना कर गुलाल-अबीर अर्पण किया गया। इटकी में पंडित सुंदर श्याम तिवारी के नेतृत्व में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव व मकुंदा गांव में पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गयी। फाग गायन का भी आयोजन हुआ। इससे पूर्व रविवार की रात इटकी के बाजार परिसर व आदर्श नगर सहित कई अन्य स्थानों पर होलिका दहन किया गया। मंगलवार को होली की मस्ती के दौरान लोगों ने रंग व अबीर लगाकर एक दूसरे को त्यौहार की बधाइयां दी।

### लूटकांड में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**बुढ़मू।** आदर्श आचार संहिता को लेकर वारंट निष्पादन में सख्त बुढ़मू पुलिस ने बुधवार को एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थाना प्रभारी रामजी कुमार ने बताया की लूटकांड में शामिल वारंटी उलातु गांव का जलेंदर गंझू 35 वर्ष जो लगभग दो वर्षों से फरार था उसे गिरफ्तार किया गया।

### बुढ़मू थाना में हथियार लाइसेंसों का सत्यापन किया जा रहा है

**बुढ़मू।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुढ़मू थाना में हथियार लाइसेंसों का सत्यापन किया जा रहा है।सीओ सच्चिदानंद वर्मा एवं थाना प्रभारी रामजी कुमार द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।इसके तहत बुधवार को दस लोगों के लाइसेंस का सत्यापन किया गया है वहीं बारह अन्य लाइसेंसधारियों के लाइसेंस का सत्यापन किया जाना बाकी है।दूसरी ओर बुधवार को बीडीओ धीरज कुमार एवं थाना प्रभारी रामजी कुमार ने नाऊज स्थित निलय कॉलेज का निरीक्षण किया।लोकसभा चुनाव में यहां पुलिस बलों का ठहराव की व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया।

### उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ रंगों का पर्व होली



होली खेलते व्यावसायिक संघ के सदस्य।

**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड क्षेत्र में रंगो का त्यौहार होली हर्षोल्लास एवं शान्ति पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र में होली सोमवार और मंगलवार दोनों दिन रंग गुलाल लगाकर होली खेले। देर शाम तक लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा मिठाई, पकवान खिलाकर होली की बधाई दी। राहे सोलह आना समिति के द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह रखा गया। सोनाहातू में व्यावसायिक संघ सोनाहातू के द्वारा बाजार परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां व्यावसायिक संघ के सदस्यों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर बधाई दी।

### दो बाइक के बीच हुई टक्कर में एक की मौत, दो धायल

**मांडर।** मांडर-बुढ़मू मुख्यपथ पर स्थित रेफरल अस्पताल, के समीप मंगलवार शाम छे बजे दो बाइक के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार मांडर बस्ती निवासी उन्तीस वर्षीय मनोज उरांव की मौत हो गयी जबकि मांडर बाजार टांड़ निवासी अनुज उरांव 21 वर्ष और टांगर बीजुपाड़ा का राजू उरांव 20 वर्ष घायल हो गए। बताया जाता है कि टांगर निवासी राजू उरांव व अनुज उरांव करगे से मांडर की ओर जबकि मनोज उरांव मांडर से अकेले ही अपने ससुराल बुढ़मू की ओर जा रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट उनकी बाइक आपस में टकरा गयी। हादसे के तुरंत बाद मनोज व अनुज का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल मांडर में ही कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया, पर रिम्स पहुंचने से पहले रास्ते में ही मनोज की मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार मृतक मनोज कहीं बाहर काम करता था और वह दो दिन पहले होली मनाने अपने घर आया था। उसका डेढ़ साल का एक छोटा बच्चा भी है। हादसे के बाद से जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी गम का माहौल छाया हुआ है।

### होली महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में रंगो का त्यौहार होली हर्षोल्लास एवं शान्ति पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में होली सोमवार और मंगलवार दोनों दिन ग्रामीणों ने रंग गुलाल लगाकर होली खेलते नजर आया। रंगो के इस महापर्व में महिलाये और बच्चे भी अछूते नहीं रहे। जहां सभी छोटे-छोटे टोलियां बनाकर पड़ोसियों से रंग खेलने में मस्त रहे। इधर देर शाम तक लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा मिठाई, पकवान खिलाकर होली की बधाई दी। इस बर्ष होली के दिन कहीं से भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। शान्तिपूर्ण ढंग से होली बीत जाने से तमाड़ प्रशासन भी राहत की सांस ली।

### सड़क दुर्घटना में सिल्ली के युवक का हुआ मौत



**सोनाहातू।** सिल्ली-टीकर-जमशेदपुर सड़क के विरदीडीह मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में सिल्ली के एक युवक का मौत हुआ है। घटना मंगलवार रात 8 बजे के आसपास की है। 23 वर्षीय युवक सुनील कुमार महतो सिल्ली थाना क्षेत्र के सुंडिल गांव निवासी था।जो जमशेदपुर में एक एनजीओ में काम करता था। होली पर्व सम्पन्न होने के बाद मंगलवार को जमशेदपुर जाने के लिये घर से मोटरसाइकिल से 4 बजे के आसपास निकला था। सम्भवना की जा रही है कि अज्ञात वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल से गिर गया होगा जिससे तत्काल घटनास्थल में ही मौत हो गया। सोनाहातू पुलिस शव को कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेजा। सिल्ली के सुंडिल गांव के रविन्द्र महतो का एक मात्र पुत्र सुनील था। पुत्र के सड़क दुर्घटना में मौत के बाद परिजनों का रो कर बुरा हाल था।

## सरहुल पूजा को लेकर केंद्रीय सरना समिति ने की बैठक


बैठक में शामिल लोग।

**इटकी।** सरहुल पूजा को लेकर केंद्रीय सरना समिति इटकी की एक बैठक मंगलवार को सरना स्थल पर भोला उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरहुल पूजा समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष बीरा उरांव को बनाया गया है। जबकि विजय उरांव को उपाध्यक्ष, सूरज उरांव को सचिव, अजय उरांव को कोषाध्यक्ष व श्रीनाथ उरांव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में 11 अप्रैल को सरहुल पूजा व 12 अप्रैल को विशाल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। बैठक में ग्राम प्रधान सूका उरांव, सुधीर उरांव, विजय उरांव, बिंदेश्वर उरांव, हरिया उरांव, मुन्ना कुजूर व बेलवरण उरांव सहित सरना समाज के दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## खलारी प्रखंड क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली सोमवार और मंगलवार को पूर खलारी प्रखंड के लपरा, हेसालोंग, नवाडीह, कोंनका, मायापुर, दुल्ली, खलारी, मोहान नगर, करकट्टा, धमधमियाँ, डकरा, भूतनागर, सुभाष नगर सहित खलारी कोयलांचल क्षेत्रों में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में मगन थे। होली से पूर्व होलिका दहन करके उसके दूसरे दिन घरों में विधिवत पूजन कर के होली मनाई गई। होली में छोटे बच्चे, किशोर, युवा सभी अपनी अपनी टोली में होली खेलते दिखे। महिलाएं, युवतियां भी रंग लगाने में पीछे नहीं रही। महिलाओं की टोली सुबह का घरेलु कामकाज निपटाकर होली खेलने निकली। कई जगहों पर युवा डीजे बजाकर होली के गीतों पर झूमते रहे। होली में घर घर में ही पकवान पकाकर एक दुसरो को खिलाकर आनंद लेते रहे। हालांकि होली के शाम रात होते ही मैक्लुस्कीगंज व खलारी थाना क्षेत्र में छुटपुट मारपीट का घटना सामने आया। लेकिन थाना के अफसरों के द्वारा मामला को सुलझा कर शांत किया गया। इस दौरान होली के मद्देनजर खलारी के पुलिस उपधीक्षक रामनारायण चौधरी के निर्देशन में खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह व मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## ओरमांझी के पत्रकार जयप्रकाश का निधन

# राज्यसभा सदस्य व पूर्व सांसद ने दी श्रद्धांजलि



**ओरमांझी।** क्षेत्र के वरिष्ट पत्रकार जयप्रकाष गुप्ता का अकाष्मिक निधन सोमवार को हो गई है। लक्ष्मण साहू के लगभग 50 वर्षीय पुत्र पत्रकार सोमवार की सुबह 11-12 तक ओरमांझी के अन्य पत्रकार साथियों के साथ विताया। शास्त्री चैक स्थित चाय पीने के बाद वे अपने घर चले गए, और स्नान करने के दौरान वे अचानक गिर पड़े। उसे तत्काल उपचार के लिए मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन का कारण ब्रेनहेमरेज बताया जा हा है। इधर उनके निवास अंचल मैदान ओरमांझी स्थित, निधन के समाचार मिलते ही लोगों की भिड़ उमड़ पड़ी। पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व उपप्रमुख मुनतजीर अहमद रजा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार सहित क्षेत्र के विभिन्न राजनिति व समाजिक कार्यकताओं द्वारा निधन पर गहरा दुख जताते हुए श्रद्धांजलि दी गई। वहीं उनके शव यात्रा में भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार डोमानदी मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार के बाद लोगों द्वारा पत्रकार जयप्रकाष गुप्ता को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, विधायक राजेष कच्छप, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, सीओ नितिन षिवम गुप्ता, बीडीओ विजय सोनी, पूर्व जिप सदस्य बीना देवी, पत्रकार प्रमोद सिंह, रोहित लाल, आमोद कुमार साहू, संजय श्रीवास्तव, इम्तियाज आलम, मोहसिन अंसारी, कुलदीप तिवारी, खुर्षीद अंसारी, सरादा प्रसाद, मुस्तफा अंसारी, रेहान अंसारी, शौंडिक युवा मंच के अध्यक्ष अमित राज साहू, सचिव राजधाम साहू, अजय साहू, रोहित साहू, वरिष्ट समाज सेवी उमाषंकर साहू, षिवनारायण साहू, अजय सिंह, श्यामकिषोर महतो, कुंदन साहू, शंकर गुप्ता, आषोक गुप्ता, सुरेष साहू, राजकिषोर साहू, सत्यमराज कुषवाहा, बिनोद गुप्ता, सत्यनारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह सिंधी, दीपक बड़ाइक, शषि मेहता, शैलेंद्र मिश्रा, कुदुस अंसारी, रणधीर चैधरी, फादर मैत्थू, सतीष बड़ाइक, संजय बहादुर, षिवनंदन प्रसाद, नबुलाल महतो, सतार अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग के साथ सभी समाज व धर्म के लोग शामिल थें।

# बिरहोर बालक की मौत


चुआं को देखते टीम।

**सिल्ली।** प्रखंड के सोसो बिरहोर टोली में 3 वर्षीय बालक राकेश बिरहोर की मौत दूषित पानी के सेवन करने से होने की आशंका की जा ही है। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया की गांव के एक चुआँ की पानी का उपयोग किया गया जिससे तीन विरहोर बालक राकेश बिरहिर, बादल बिरहोर ओर राकेश बिरहोर तबियत खराब हुई। तीनो का उल्टी, बुखार और शरीर अकड़न की समस्या हुई। तीनो को सिल्ली रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति बिगड़ती देख तीनो को रिम्स भेज दिया गया। इलाज के दैरान राकेश का मौत हो गया। घटना सोमवार की है। सोमवार रात को मौत हुई। अन्य दोनों बालक का इलाज रिम्स में किया जा रहा है।

इधर घटना की सूचना पर राहे प्रखंड के प्रभारी बीडीओ मनोज महथा ओर सिल्ली चिकित्सा प्रभारी डॉ मुकेश कुमार टीम के साथ गांव जाकर बिरहोर की स्थिति को जाने। चुआं के पानी को जांच के लिये भेजे। गांव में 60 बिरहोर परिवार रहते है। गांव में दो मिनी जलमीनार है। एक जलमीनार खराब है। बाकी चापानल के स्रोत सूखे है। जिस कारण बिरहोर परिवार चुआं के पानी का उपयोग करते है। प्रथम दृष्टया में चुआं के पानी के सेवन से ही तबियत बिगड़ने की समस्या हुई है।

## महिला पाहन पुजारी वज्रपात में घायल


इलाजरत महिला।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र पांचा की महिला पाहन पुजारी मुनी देवी वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गई है। 25 मार्च सोमवार को दोपहर में हुई घटना के संबंध में बताया गया कि पांचा निवासी स्व. दिनेश पाहन की पत्नी मुनी देवी अपने खेत में काम कर रही थी। तभी वर्षा के साथ वज्रपात हो गई। जिसके चपेट में वह आ गई। समाज सेवी सत्येंद्र सिंह ने घटना की जनाकी देते हुए बताया कि महिला गांव के मुख्य पुजारी है। पति के निधन के बाद वह अकेला रहती है। वज्रपात की चपेट में आने से उसके चेहरा व शरीर जल गया है। उसे उपचार के लिए विकास नर्सिंग ले जाया गया था। वहां से बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया गया कि फिलहाल महिला खतरे से बाहर है।

## दीपक बिरुवा पहुंचे दिउड़ी मंदिर किया पूजा-अर्चना



**तमाड़।** प्राचीनकालीन दिउड़ी मंदिर में राज्य के परिवहन सह कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा बुधवार को पूजा अर्चना किये। पूजारी मनोज पंडा ने उनका पूजा संपन्न कराया। उन्होने कहा राज्य की खुशहाली की कामना को लेकर माता के दर्शन करने पहुंचा हु। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी ललित महतो, मंत्री के करीबी राहुल गुप्ता, सोनू गुप्ता, तरनी महतो, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला में राजयोगिनी दादी जानकी की चतुर्थ पुण्यस्मृति दिवस मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर में बुधवार को आध्यात्मिक संगठन ब्रह्माकुमारी संस्था की तीसरी मुख्य प्रशासिका और स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसेडर राजयोगिनी दादी जानकी की चतुर्थ पुण्यस्मृति दिवस मनाई गई। ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन ने श्रद्धेय दादी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद समस्त बीके भाई-बहनों सहित अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बीके प्रीति बहन ने बताया की दादीजी की पुण्य तिथि 27 मार्च को सारे विश्व में वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। दादी जानकी लगभग 104 वर्ष की आयु तक 140 देशो में यात्रा कर लाखो आत्माओं के जीवन में आध्यात्मिकता का प्रकाश फैलाने वाली संसार की सबसे स्थितप्रज्ञ राजयोगिनी रही। बताया कि राजयोगिनी दादी जानकी को मोस्ट स्टेबल माइंड इन वर्ल्ड का खिताब मिलने, माउंट आबू में दादीजी की यादगार शक्ति स्तंभ बनाने, दादीजी के द्वारा सदा ही पत्रकारिता में मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देने एवं भारत सरकार द्वारा राजयोगिनी दादी जानकी के सम्मान में उनका डाक टिकट जारी करने जैसे अनेकों उपलब्धियों को विस्तार से बताया। वही बिनोद भाई, परि बहन एवं आंशिक बहन ने दादी जी के याद में मनमोहन गीत गाकर सुनाया।

## शमशाद अंसारी बने ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्च के जिला उपाध्यक्ष



**अनगड़ा।** प्रखण्ड के ग्राम साल्हन निवासी शमशाद अंसारी को राँची जिला ग्रामीण काँग्रेस कमिटि अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया गया है। उनका मनोनयन झारखण्ड प्रदेश कॉग्रेस कमिटि अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी के अनुमोदन के उपरान्त किया गया है। जो तत्काल प्रभाव से प्रभावी है। वहीं शमशाद अंसारी ने पार्टी का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करते हुए अल्पसंख्यकों के हितों के लिए कार्य करेंगे तथा अल्पसंख्यक विभाग में अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संगठन की मजबुती में अपना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। शमशाद अंसारी को काँग्रेस अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष मनोनित किए जाने पर काँग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकताओं के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया बॉर्डर इलाके का औचक निरीक्षण


बॉडर पर निरीक्षण करते पुलिस उपमहानिरीक्षक।

सोनाहातू। थाना क्षेत्र के आने वाले बंगाल बॉर्डर दुलमी गांव के डांगडुंग पुल के समीप जाकर पुलिस उप महानिरीक्षक रांची के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान इन्होंने बॉर्डर पर मौजूद पदाधिकारी और पुलिस बल को 24 घंटे सीमा से आवाजाही करने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच करने एवं मादक पदार्थ, शराब, कैश, अन्य सामग्री जो चुनाव को प्रभावित करती है ऐसी वस्तुओं पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव से संबंधित अन्य कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह, सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, और मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह मौजूद थे।

# होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


होली के दौरान मस्ती करते बच्चे।

**बेड़ो।** रंगों का त्यौहार होली प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। प्रखंड से लेकर गांवों तक होली का उमंग और उत्साह में उम्र का हर दौर में छाया हुआ था। होली के दिन सुबह से ही बच्चे और युवा सड़कों पर निकल आए। बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह नजर आ रहा था। छोटे-छोटे बच्चे पिचकारी लिए मुखौटा लगाकर सड़क और अपने-अपने घरों के बाहर शरारत करते नजर आए। जगह-जगह पर युवाओं की टोली ने होली को लेकर अलग ही समा बांध रखा था। होली को लेकर कई स्थानों पर बहुरंगी कार्यक्रमों का भी आयोजन भी किया गया था। वहीं बेड़ो के महादानी मंदिर समेत खुखरागढ़ में ढोल नगाड़ों व कीर्तन भजन के साथ परंपरागत व पाकलमेडी में कीचड़ होली खेला गया। वही प्रखंड के मुहल्लों से लेकर गांव की गली तक होली के रंग में रंगी हुई थी। वहीं स्वजनों, मित्र, हितैषी को व्हाट्सएप, एसएमएस से होली की बधाई भी दी। गांव में लोगो के घरों में एक से बढ़कर एक पकवान बनाकर खाया व खिलाया। साथ ही एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर गले मिलकर बधाई दी। इससे पूर्व रविवार की देर रात में जगह-जगह होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। होलिका दहन के एक दिन बाद लोगों ने दो दिनों तक होली का जमकर मजा लिया। प्रखंड के विभिन्न स्थानों में होलिका दहन का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना कर आनंद लिया। साथ ही अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना भी की। होलिका दहन के साथ ही रंगों की बौछार शुरू हो गई थी। इधर शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी नकुल शाह व नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद थी।

# दुमका में धूमधाम से मनाया गया होली




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में रंगों का त्योहार होली मनाई गई। शहर में दो दिनों तक होली पर्व मनाया गया। पहले दिन सोमवर को तथा दूसरे दिन मंगलवार को होली मनाई गई। दोनो दिन शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की मस्ती में डूबे दिखे। होली के त्योहार पर सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर आपसी भाईचारे को संदेश दिया। पारंपरिक गीतों पर झूमते नाचते लोगों का उत्साह इस दौरान देखते ही बन रहा था। शहरी जीवन में रहने के बाबजूद बेहद ही ग्रामीण परिवेश में होली खेलते ये युवा कपड़फार होली खेलते नजर आए। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों ने जमकर होली खेली। हर तरफ होली की मस्ती छाई रही। इस मौके पर यहां के गली, मुहल्लों और चौक-चौराहों पर बच्चे, बूढ़े और जवानों को होली खेलते देखा गया। दुमका शहर में सुबह से ही होली शुरू हो गई। बच्चों की टोली को भी हाथों में पिचकारी लिए सड़कों पर लोगों को रंग लगाते देखा गया। होली खेलने में महिलाएं भी पीछे नहीं रही। महिलाओं ने आपस में एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का त्योहार मनाया। दूसरे दिन मंगलवार को भी रंग गुलाल का दौर जारी रहा। इस वजह से दुमका की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दुमका वासियों ने पहले पहर में रंग खेलकर तथा दूसरे पहर में अबीर-गुलाल लगाकर होली का लुफ्त उठाया तथा अपने बुजुर्गो को प्रणाम कर उनकी आशीर्वाद लिया। वहीं हम उम्र के लोगों ने एक दूसरे को जमकर अबीर-गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रंग-गुलाल लगाने के साथ ही पुआ-पकवान खाने और खिलाने का दौर जारी रहा। इधर, होली के रंग में कोई खलल ना पहुंचे इसके लिए पुलिस गस्ती होता रहा। संवेदनशील इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग की गाड़ी खड़ी दिखी।

# चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो उपायुक्त विजया जाधव से मिला।

चेम्बर के महासचिव सिद्धार्थ पारख ने मांग पत्र सौंपते हुए विभिन्न मुद्दों को उपायुक्त के सामने रखा। चेम्बर ने मुख्य रूप से सड़क चौड़ीकरण से चास में आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। चेम्बर ने मांग की कि बिजली के खंभे मकान और प्रतिष्ठानों से उचित दूरी पर लगाये जाएं।

इस दौरान बोकारो जिले में विद्युत की समस्या को उठाया गया और चास में नए सब स्टेशन की मांग की। चास अंचल में म्यूटेशन और रसीद काटने में तेजी लाने का आग्रह किया। चास में एक आधुनिक बस अड्डा ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की मांग की। चेम्बर ने औद्योगिक विकास हेतु नए इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर उनके विकास पर जोर देते हुए बोकारो में उद्योग लगाने के लिए कंपनियों को आमंत्रित किये जाने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में चेम्बर के संरक्षक संजय बैद पूर्व अध्यक्ष एसके मेहरिया मनोज चौधरी नरेंद्र सिंह शिवहरि बंका चंदन जायसवाल शामिल थे।

सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीट्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखंड, भारत
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीएमपीडीआई एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## एक नजर में

### बेरमो : महिला का अर्ध जला शव मिलने से सनसनी



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट थाना अंतर्गत उलगड्डा पंचायत के पूर्णाडीह टोला के मेन रोड के किनारे बने राय मुनि देवी के अधूरे घर मे अधजली हुई महिला का शव तेनुघाट पुलिस ने बरामद किया। गृह स्वामी राय मुनि ने पंचायत के मुखिया अरविंद मुर्मु को दी। वही मुखिया ने तेनुघाट थाना प्रभारी अजीत कुमार को दी जो दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर तेनुघाट पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही महिला का सिनाख्त नहीं हो पाया है जबकि महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताया जा रहा है। वही महिला गुलाबी कलर का समीज और काले रंग का लैंगिज पहनी हुई है अभी तक यह जानकारी नहीं हो सकी है की ये कहा की है। वहीं इस मामले मे पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। अब यह जाने की बात है की ये महिला कहा की है और यहां कैसे पहुंची। वहीं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा की प्रथम दृष्टि हत्या प्रतीत हो रहा है। साक्ष्य को छुपाने के लिए कहीं से हत्या कर यहां लाकर छुपा दिया है और उसे आग से जला दिया है। छान बिन की मामला है अनुसंधान के बाद ही पता चल पायेगा।

### बाल विवाह के मुद्दे पर हितधारकों के साथ बैठक



**बोकारो/कसमार।** स्वामी विवेकानंद सभागार सहयोगिनी बहादुरपुर में आज गर्ल्स नोट ब्राइड द्वारा बाल विवाह के मुद्दे पर हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि सभी के सहयोग से ही बाल विवाह का अंत संभव है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी स्टेकहोल्डर शिक्षक अभिभावक आम ग्रामीण पुलिस प्रशासन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को इस मुद्दे पर एकजुट होना होगा। तभी बाल विवाह रोका जा सकता है।मौके पर बाल कल्याण समिति की सदस्य सह अधिवक्ता प्रीति प्रसाद ने कहा कि बोकारो जिला में बाल विवाह के खात्मे को लेकर बाल विवाह मुक्त अभियान जगह-जगह चलाया जा रहा है जिसमें स्थानीय संस्थाओं तथा प्रशासन मिलकर कार्य कर रहे हैं। मौके पर बाल विवाह मुक्त अभियान के जिला समन्वयक फुलेंद्र रविदास कुमारी किरण सूरजमानी देवी मंजू देवी पुष्पा देवी रवि कुमार राय प्रवीण कुमार नीतू सिंह पायल कुमारी अभय कुमार सिंह गौतम सागर कल्याणी सागर सुचित्रा सिंह अंजू देवी सोनी देवी पूर्णिमा देवी, अशोक कुमार महतो, अनिल हेंब्रम, रोहित ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### सियारी में आयोजित बाहा (सरहुल) बोंगा पूजा कार्यक्रम में पहुंचे अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र



**बेरमो/ललपनिया।** मंगलवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह लोकप्रिय पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो जी सियारी (गोमिया) के ताला टोला पहुंचे। जाहेर थान में आयोजित बाहा (सरहुल) बोंगा (पूजा) महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले जाहेर थान में बोंगा स्थल पर मत्था टेका और क्षेत्र की सुख, समृद्धि की मंगलकामना की। पाहन ने उन्हें सखुआ के फूल प्रदान किया और आशीर्वाद दिया। महोत्सव में अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने आदिवासियों को बाहा बोंगा महोत्सव की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरहुल झारखंड की पहचान है। यह परब झारखंड की आदि काल की संस्कृति और परंपरा का परिचायक है। आदिवासियों की संस्कृति बेमिसाल है। प्रकृति के उपासक एवं रक्षक आदिवासियों में प्रकृति उपासना के इस महापर्व को लेकर उत्साह व उमंग खास होता है।इस दौरान समिति द्वारा मुख्य अतिथि श्री योगेन्द्र महतो को पारंपरिक परास के फूलों से बना गुलदस्ता भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। इधर अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री महतो ने आदिवासियों के साथ पारंपरिक सामूहिक सरहुल नृत्य में भी भाग लिया और मांदर बजाकर नृत्य किया। समारोह में मुखिया रामबृक्ष मुर्मू, तेजनारायन महतो, घनश्याम महतो, मुकेश यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बोकारो थर्मल के गोविंदपुर में रविवार को झालोक्रां का होली मिलन समारोह



बेरमो। बीते रविवार को देर शाम बोकारो थर्मल के गोबिंदपुर मे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष भानु प्रताप महतो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, केन्द्रीय महामंत्री सह गिरीडीह लोकसभा चुनाव प्रभारी कमलेश महतो, पार्टी के महीला मोर्चा कोषाध्यक्ष पूजा महतो, डॉक्टर दसरथ महतो, प्रोफेसर डीपी महतो, पार्टी के नेता अनील रजक, अरुण कुमार, कपिल महतो, सुनील महतो, संजीव महतो, नरेश महतो, सचिन तुरी, बबलू तुरी, पप्पू महतो, उमेस राम, चंचल महतो, अबूतालीब अंसारी, मिनहाज अंसारी, पिंटू कुमार, बिसेसर महतो, दिनेश महतो, गोबर्धन महतो, नीरज महतो, महेश महतो, छोटू राम, महेश रजक, नरेश गंजू, ज्ञानी भोक्ता, बेजनाथ महतो के साथ साथ कई लोग मौजूद रहे, जिनमे से अगल बगल के ग्रामीणों को भी भीड़ लगी। सभी उपस्थित लोगो ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर सभी को होली पर्व की सुभकामनाए दिए। मौके पर टाइगर जय राम ने अपने चीत परिचित अंदाज में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज होली का उत्सव मना रहे हैं इस लिए आज कोई राजनीतिक टिका टिपनी नही सिर्फ उत्सव का आनंद लेना है। जय राम महतो के लिए नारेबाजी की गई।

### भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह के कार्यालय पर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाई गयी



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाषनगर स्थित भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता ने इसमें भाग लिया। होली मिलन समारोह में पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने खूब मस्ती की और जमकर गुलाल उड़ाया। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने क्षेत्रवासियों को रंगों का यह पावन पर्व मिल-जुलकर बनाने का संदेश दिया। सिंह ने कहा कि होली खुशियां देने वाला त्योहार है। सिंह ने आए हुए सभी अतिथि अतिथियों को अंग वस्त्र देने का सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय कुमार सिंह व अशोक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, फुसरो मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री टुनटुन तिवारी, सहित सैकड़ो की संख्या मे गणमान्य लोग शामिल हुए।

### बोकारो : कहीं रहा होली का उल्लास तो कहीं मान्यताओं के कारण होली रही बदरंग



**बोकारो।** होली का पर्व पूरे जिले में छिटपुट घटनाओं सड़क दुर्घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। तिथियों के उतार चढाव को लेकर होली दो दिन मनाई गई। हालांकि अधिकांश लोगों ने 25 को ही इस पर्व को मनाया। बोकारो जिले के कसमार के दुर्गापुर गांव में 1822 से लेकर आज तक लोग होली खेलते ही नहीं। 12 टोलों के 17 हजार लोगों की आबादी वाले इस गांव के लोग आज भी रंग गुलाल को हाथ तक नहीं लगाते। पुरानी घटनाओं को लेकर आज भी मान्यता है कि होली मनाने से बड़राव बाबा नाराज हो जाते हैं। नगर के सेक्टर 5 स्थित आशालता केंद्र में बोकारो विधायक एवं झारखंड विधानसभा में मुख्य सचेतक बिरंची नारायण उपस्थित सैकड़ों मिथिलावासियों के साथ फगुआ गीतों पर खूब थिरके। उन्होंने कई फगुआ गीत गाए और मौके पर मौजूद लोगों ने उनके साथ सुर में सुर मिलाए। विधायक ने मिथिला में होली की परंपरा को भगवान राम और सीता के साथ जोड़ते हुए होली को आपसी सौहार्द प्रेम और समरसता का सबसे सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने जमकर अबीर गुलाल उड़ाए और लोगों से गले मिलकर अपना उल्लास प्रकट किया।

### दादू क्लब ने मनाया होली मिलन समारोह

**दुमका।** दादू स्टार क्लब की ओर से आउटडॉर स्टेडियम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया एवं गले लगाकर होली की मुबारकबाद दी। इसके बाद डीजे की धुन में खुब जमकर थिरके। इस मौके पर पूर्व नप अध्यक्ष अमृता रक्षित शामिल हुई। अमृता रक्षित ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व में जिसमें सभी धर्मो व समुदाय के लोग शामिल होते है एवं एक दूसरे के गले मिलकर सारी मनमुटाव को भूल जाते है।

## स्पीड न्यूज

### अंबिकापुर में हादसा चास के प्रकाश की मौत



**बोकारो।** जिला अंतर्गत कैलाश नगर चास निवासी प्रकाश उर्फ डब्बू की छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अंबिकापुर में चेन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत थे। चास के रहनेवाले हरिहर राम के 38 वर्षीय मंझले पुत्र प्रकाश कुमार राहुल उर्फ डब्बू की सड़क दुर्घटना के हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मार्च को सायं लगभग 5 बजे प्रकाश एवं उसका दोस्त विजय सिंह मोटरसाइकिल पर सड़क के बांयी तरफ से आ रहे थे। विपरीत दिशा से अनियंत्रित तीव्र गति से आ रही फॉर्च्यूनर (सीजी 15 क्यू 4141) ने गलत साइड से सामने आकर सीधी टक्कर मारी। टक्कर के बाद वह अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। मोटरसाइकिल सवार प्रकाश और विजय उछलकर दूर जा गिरे और दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फॉर्च्यूनर के अनियंत्रित तीव्र गति व पेड़ से टकराने के बाद उसके इंजन से धुंआ निकलने लगा। इसके पहले की उसमें आग लगती घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने फार्च्यूनर चालक और उसके दोस्त को गाड़ी से बाहर निकाल लिया तथा मौके पर तुरंत पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। उक्त जानकारी देते हुए मृतक प्रकाश के अग्रज प्रभात कुमार ने बताया कि फॉर्च्यूनर को वहीं के स्थानीय ठेकेदार प्रकाश राय का बेटा चला रहा था और उसका दोस्त उसके साथ बैठा था। फॉर्च्यूनर के चालक एवं उसके दोस्त इस कदर नशे में धुत थे कि यदि घटनास्थल पर एकत्र हुए लोग उन्हें बाहर नहीं निकालते तो उनके साथ भी कोई जानलेवा हादसा हो सकता था। पुलिस ने फॉर्च्यूनर चालक व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद आज प्रातः मृतक का शव लेकर उसके अग्रज प्रभात कुमार बोकारो पहुंचे। मृतक के शव के बोकारो पहुंचते ही क्षेत्र में गहरा मातम छा गया। इस परिवार पर तो मानो वज्रपात हो गया हो। ज्ञातव्य है कि मृतक के पिता लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित है स्वतंत्र रूप से चलने फिरने से लाचार एवं इलाजरत हैं। उसकी मां भी गंभीर बीमारी से जूझ रही है और इलाजरत हैं।

### हुड़दंगियो ने करगली में दो दुकाने फुंक दी



बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र के करगली गेट स्थित अगजा के रात्रि को अज्ञात हुड़दंगियो ने दो चाय दूकान को आग लगा पुरी तरह जलाकर राख कर दिया। दूकानदार महेंद्र गिरि और अशोक केवट ने कहा कि दोनों दुकान के जलने से लाखों का नुकसान हुआ है। नेता और व्यवसाय संघ के अध्यक्ष से मदद की उम्मीद लगाई गई है।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में होली मिलन समारोह

दुमका। शहर के नगरपालिका स्थित ओम शांति भवन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके जयमाला ने सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर बीके रेखा, दंत रोग चिकित्सक डॉ स्वेता स्वराज, सुष्मिता सिंह आदि मौजूद थे।

# शिकारीपाड़ा : चेक नाके पर वाहन से जब्त किया गया 11 लाख रुपये

## बंगाल से झारखंड लाई जा रही थी रकम



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर दुमका जिला प्रशासन द्वारा शिकारीपाड़ा प्रखंड के लिए गठित एफ एस टी टीम ने बुधवार को अंतर राज्य सीमा स्थित लोड़ी पहाड़ी चेक नाका पर जांच के दौरान सीओ कपिल देव ठाकुर एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह ने जांच के क्रम में एक पश्चिम बंगाल से दुमका की ओर आ रही फोर व्हीलर गाड़ी को रोक कर जांच किया।

जिसमें 11 लाख 28650 रूपए जब्त किया गया इसके साथ ही जिस गाड़ी से यह पैसा पश्चिम बंगाल से दुमका लाया जा रहा था उसे गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया और उसे शिकारीपाड़ा थाना में रखा गया है। आयकर विभाग की टीम ने नगद राशि को अपने साथ दुमका ले गई राशि दुमका के नंदलाल दत्त नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है। इसके पूर्व 24 मार्च 2024 को द्वितीय पाली की टीम द्वारा 526000 इसी चेक नाके पर जब्त किया गया था जिसे दंडाधिकारी अमिताभ कुमार झा एवं पुलिस पदाधिकारी आशीष कुमार भारद्वाज द्वारा जप्त किया गया था उक्त राशि मोटरसाइकिल से जब्त की गई थी। जिसे इब्राहिम शेख रामपुरहाट द्वारा ले जाया जा रहा था। जिसमें इब्राहिम शेख द्वारा बताया गया कि मलूटी बालाजी क्रेशर का 30,0000 एवं विनायक क्रेशर के मालिक राजेश शाह का 20,0000 बताया गया था। अगर इसी प्रकार एफ एस टी लगातार ईमानदारीपूर्वक कार्य करती रहे तो अंतरराज्य सीमा से बड़े पैमाने पर राशि जब्त हो सकती है।

## डाक मतपत्र से वोटिंग को लेकर हुई बैठक



**बोकारो।** लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मियों के साथ ही रेलवे ट्रांसपोर्ट सेवा ऐसे पत्रकार जो मतदान को कवर करेंगे बिजली विभाग के कर्मचारी बीएसएनएल डाक तार विभाग दूरदर्शन आल इंडिया रेडियो राज्य दुग्ध संघ स्वास्थ्य विभाग जेल एम्बुलेंस सर्विसेज फायर सर्विसेज ट्रैफिक पुलिस प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो और भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारी शामिल हैं- को डाक मतपत्र से मतदान की अनुमति दी गई है। उक्त से सम्बंधित बैठक वरीय नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र कोषांग वंदना शेजवलकर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक की गई। मौके पर नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र कोषांग श्रीमती एसएन कुजूर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अरविंद कुमार नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग साकेत कुमार पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। चुनाव आयोग के तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार अलग अलग राज्यों में विभिन्न सेवाओं से जुड़े लोग भी चाहें तो डाक मतपत्र से मतदान कर सकते हैं। डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा ऐसे लोगों को दी गई है जिनका काम अनिवार्य सेवा की श्रेणी में आता है।

# केबी कॉलेज बेरमो में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बुधवार केबी कॉलेज मे मनोविज्ञान विभाग में प्रतिभा सम्मान पुरस्कार प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सेमेस्टर पांच के उत्कृष्ट प्राप्तांक, नियमित क्लास, पुस्तकालय मे नियमित, विभाग के कार्यक्रम एवं सेमिनार मे शत प्रतिशत सहभागिता और अनुशासन के साथ पढ़ाई किए जाने हेतु प्राचार्य के द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं मे ऑनर्स पाठयक्रम मे चांदनी कुमारी, सोनाली कुमारी, तरन्नुम निशा रहीं वही जनरल पाठयक्रम में सुमन कुमारी, मिलन कुमार गुप्ता, कन्हैया रजवार को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा प्रतिभा का सम्मान किए जाने से छात्र छात्राओं मे मनोबल और उत्साह बढ़ता है। विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा विधार्थियों के हौसले को पंख देने हेतु प्रतिभा सम्मान का आयोजन विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है। प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा मन और व्यवहार दोनों का आपस मे संतुलन है। डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा प्रतिभा को सम्मान किया जाना अनिवार्य है। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दास समेत छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# मेहरमा थाना क्षेत्र के भगैया दुर्गा तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत

## क्षेत्र में पसरा मातम



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** मेहरमा थाना क्षेत्र के भगैया दुर्गा तालाब में डूबने से मंगलवार को दो युवक की मृत्यु हो गई। दिलीप राम का 20 वर्षीय पुत्र दीपांकर कुमार और दूसरा दिलीप राम पंडित जी का 22 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार दुर्गा तालाब में स्नान करने के लिए गया था। इसी दौरान दोनों युवक तालाब के गहरे गड्ढे में डूब गया।

कुछ ही दिन पहले अभी सूखे के समय में पिछले वर्ष जे सी बी मशीन द्वारा तालाब में एक ओर गहरा गड्ढा किया गया था। ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि जब एक लड़का डूबा होगा तो दूसरा उसे बचाने गया होगा और फिर वह भी गड्ढे में डूब गया होगा। पता चलते ही ग्रामीण तलाब के निकट इकट्ठा हुए और झग्गड आदि के माध्यम से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत करते हुए दोनों युवक को तालाब से बाहर निकाला। दोनों युवक बेहोश हो चुके थे। आनन, फानन में दोनों युवक को चिकित्सक से दिखाया गया और फिर हरि देवी रेफरल अस्पताल ठाकुर गंगटी ले जाया गया।

जहां देखते ही चिकित्सक दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया। दीपांकर कुमार तीन भाई में सबसे छोटा था। अब दीपांकर कुमार का अंशुमन कुमार 25 वर्ष और सुलो कुमार 22 वर्ष रह गया। वहीं रोशन कुमार भी तीन भाई था। रोशन कुमार तीनों भाई में सबसे बड़ा था।रोशन कुमार का छोटा भाई विशाल कुमार 20 वर्ष और शिवा कुमार 18 वर्ष रह गया। दोनों गरीब बुनकर परिवार का सदस्य था। दोनों का माता-पिता काफी गरीब तबके का लोग हैं और किसी प्रकार तशर धागा की बिनाई कर गुजर बसर किया करते हैं।

दोनों परिवार के सदस्यों के सामने विपत्ति की पहाड़ टूट पड़ी। मंगलवार को ही भगैया इलाके में पछियारी होली मनाया जा रहा था। और इस शुभ दिन में इस प्रकार की अप्रिय घटना होने से पूरे गांव और इलाके में मातम छा गया।

# होली के रंगों से सराबोर हुआ कोयलांचल




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** पूरा बेरमो कोयलांचल सोमवार और मंगलवार को होली के रंगों से सराबोर हुआ। बड़ों के साथ बच्चों ने भी खूब होली खेली। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी होली का आनंद लिया। रविवार की रात होलिका दहन होने के साथ ही पूरे कोयलांचल में होली का सुरूर छा गया। सुबह होते ही होलिका दहन स्थल से छाई लेकर होली की शुरूआत की गई। उसके बाद लोग एक-दूसरे को रंगों से रंगने लगे। दोपहर बाद नहा-धोकर अबीर-गुलाल से होली का आनंद लिया। जगह-जगह टीम बनाकर लोगों ने फाग के गीत गाए। कई जगह मटकी फोड़ होली भी खेली गई। युवाओं के जत्थे ने ऊंचाई पर टंगी रंग भरी मटकी को फोड़कर होली के उत्साह में जोश भर दिया। यहां के फुसरो, सुभाषनगर, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, सेंट्रल कॉलोनी, मकोली, आंबेडकर कॉलोनी, रामनगर, भंडारीदह, तेलो, सुरही, नावाडीह, ऊपघाट, बोकारो थर्मल, स्वांग, गोमिया, ललपनिया, तेनुघाट, चांपी, कथारा, जारंगडीह, संडेबाजार, जरीडीह बाजार आदि क्षेत्रों में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। होली का आनंद आमलोगों के साथ ही गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह व भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के जीएम एमके अग्रवाल, बीएंडके प्रक्षेत्र के जीएम के रामकृष्णा और कथारा प्रक्षेत्र के जीएम डी के गुप्ता ने अपने आवासीय परिसर में लोगों के साथ होली खेली। तेनुघाट स्थित अनुमंडल कार्यालय में कंट्रोल रूम बनवाया था, जहां से पूरे बेरमो अनुमंडल पर नजर रखी जा रही थी।

# नगर थाना गोड्डा के निरीक्षण में एसपी ने दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा नगर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें संबंधित थाना प्रभारी तथा पुलिस पदाधिकारी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया :

1. लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया।
2. लंबित वारंट एवं कुर्की का निष्पादन अविलंब करेंगे। साथ ही फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया।
3. सभी निरीक्षण से संबंधित पंजियो का अवलोकन कर उसमें पाए गए कमियों का निराकरण/प्रविष्टि हेतु निर्देश दिया गया।
4. आम नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अविलंब निष्पादित करेंगे।
5. असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।
6. आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव कार्य से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शराब तस्करी, वाहनों की चेकिंग और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ गोड्डा को बिहार से सटे सीमा पर चेकिंग प्वाइंट पर कड़ी नजर रखने का भी निर्देश दिया।

